राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

विश्व प्रेस दिवस पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामना

जयपुर, 2 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस (3 मई) पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस मौके पर कहा कि प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ इसलिए कहा जाता है कि लोगों को सूचना, शिक्षा के जरिए जागरूक कर जनमत निर्माण का कार्य मीडिया ही करता है। उन्होंने प्रेस स्वतंत्रता को सभी स्तरों पर बनाए रखने का आह्वान करते हुए कोरोना से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने और टीकाकरण के लिए देश में प्रभावी वातावरण बनाने में प्रेस की भूमिका की भी सराहना भी की।

———